भारत सरकार
आयुष मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 770**
29 नवम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर
**आयुष की पद्धतियां**

770. श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि देश में विभिन्न सिद्ध औषधियों सहित प्राथमिक और द्वितीयक स्वास्थ्य देखभाल में आयुष की बहुत सी लोकप्रिय पद्धतियां शामिल हैं जो बीमारियों को ठीक करने में सहायक हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या संभावित गंभीर बीमारियों के लिए आयुष दवाएं विकसित करने की संभावना तलाशने के लिए सरकार द्वारा अनुसंधान के लिए कोई कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का देश के जनजातीय क्षेत्रों, विशेषकर महाराष्ट्र के रामटेक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष अस्पताल और पंचकर्म क्लीनिक स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): सिद्ध चिकित्सा पद्धति सहित विभिन्न आयुष प्रद्धतियों के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के स्तर पर, रोगियों की रोगग्रस्त स्थिति के लिए दवा, आहार, योग, व्यायाम, पोषण अनुपूरण आदि जैसे विभिन्न आयुष उपचारों के विवेकपूर्ण उपयोग द्वारा रोगियों का प्रबंधन किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर(आयुष), आयुष औषधालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी)/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी)/जिला अस्पतालों (डीएच) में सह-स्थापित आयुष सुविधाएं सामान्य रूप से देश में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। हालांकि, आबादी से निकटता के आधार पर, स्वास्थ्य सेवा की जरूरतों को पूरा करने वाली राष्ट्रीय संस्थान, शिक्षण अस्पताल और अन्य आयुष सुविधाओं की इकाइयों को भी प्रथम स्तर की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के रूप में माना जा सकता है । इसके अलावा, किसी विशिष्ट निदान और विशेष उपचार जैसे पंचकर्म / मर्म (वर्म) / इलाज बिल - तदबीर /फिजियोथेरेपी या सर्जरी के तहत विशेष प्रक्रियाओं की आवश्यकता वाले रोगियों को भी माध्यमिक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुष अस्पतालों, शिक्षण अस्पतालों, राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों आदि में भेजा जा रहा है ।

(ग): आयुष मंत्रालय के अंतर्गत अनुसंधान के लिए स्वायत्त निकाय, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) विभिन्न रोग स्थितियों के लिए अनुसंधान और औषधियों का विकास कर रहा है। अनुसंधान कार्य औषधि विकास की व्यवस्थित प्रक्रिया, जैसे औषधि मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण, पूर्वनैदानिक सुरक्षा/विषाक्तता अध्ययन और जैविक गतिविधि अध्ययन (जैसा उचित हो) और आवश्यकता अनुसार आयुष मंत्रालय के आयुर्वेद सिद्ध और यूनानी औषधियों के लिए अच्छे नैदानिक अभ्यास दिशानिर्देश (जीसीपी-एएसयू) और जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए नैतिक दिशानिर्देश (आईसीएमआर), पारंपरिक औषधियों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देश आदि जैसे प्रचलित दिशानिर्देशों को अपनाते हुए नैदानिक परीक्षण के माध्यम से किया जा रहा है। सीसीआरएएस द्वारा विकसित कुछ महत्वपूर्ण औषधियों की सूची **संलग्नक-I** पर दी गई है।

(घ) और (ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए रामटेक संसदीय क्षेत्र सहित देश के जनजातीय क्षेत्रों में आयुष अस्पताल और पंचकर्म क्लीनिक स्थापित करना, संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकार के कार्य क्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, 50 / 30 /10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को

वित्तीय सहायता का प्रावधान है, जिसमें पंचकर्म सुविधाओं का भी प्रावधान है। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अलावा, महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार देश में एकीकृत आयुष अस्पतालों की 167 इकाइयों को मंजूरी दी गई है । राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

*****

**संलग्नक -1**

**सीसीआरएएस द्वारा विकसित कुछ महत्वपूर्ण दवाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **औषधि/उत्पाद का नाम** | **संकेत** |
|---|---|---|
| 1. | आयुष-64 | (i) मलेरिया<br>(ii) हल्के से मध्यम कोविड-19 |
| 2. | आयुष-56 | मिरगी |
| 3. | आयुष-82 | मधुमेह |
| 4. | निम्बतिक्तम | सोरायसिस और डुओडेनल अल्सर |
| 5. | आयुष पोशक योग और पेया | इम्यूनोमॉडुलेटरी, एंटीस्ट्रेस और सामान्य स्वास्थ्य संवर्धन |
| 6. | शुंठी गुग्गुल | रुमेटाड अर्थराइटिस (आमवात) |
| 7. | क्षारसूत्र | गुदा -मलाशय विकार |
| 8. | आयुष बालरसायण | बच्चों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देना |
| 9. | आयुष घुट्टी | बच्चों में दस्त और बुखार की रोकथाम |
| 10. | आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन | प्रसवपूर्व देखभाल |

**संलग्नक-II**

**एन ए एम के तहत 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्थान (जिला) | चिकित्सा पद्धति | बिस्तरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप | पोर्ट ब्लेयर (दक्षिण अंडमान) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | काकीनाडा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | विशाखापत्तनम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | यिंगकिओंग (अपर सियांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | सेप्पा (ईस्ट किमांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | जीरो (लोवर सुबांनसिरी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | भालुकपोंग (वेस्ट किमांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | लीकाबाली (लोवर सियांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| 4 | असम | गोलपाड़ा | आयुर्वेद | 50 |
| | | माजुली | आयुर्वेद | 50 |
| | | कोकराझार | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | बक्सा | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | मोरीगांव | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | कालियाबोर (नगांव) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | दिफू (कार्बी एंगलोंग) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 30 |
| | | बाजाली | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| 5 | बिहार | पटना | आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग | 50 |
| 6 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | जंजगीर चंपा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | महासमुंद | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | कोरिया | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कोरबा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | कांकेर (उत्तर बस्तर कांकेर) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | नारायणपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | बीजापुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 |
| | | दल्ली राजहरा (बलोड) | आयुर्वेद | 30 |
| 8 | दादरा व नागर हवेली और दमण व दीव | सिल्वासा (दादरा और नागर हवेली) | आयुर्वेद | 50 |
| 9 | गोवा | मारगावो (दक्षिण गोवा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | वेलजुएम (उत्तर गोवा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 10 | गुजरात | सूरत | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| 11 | हरियाणा | हिसार | आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग | 50 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू | आयुर्वेद, सोवा रिग्पा, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | मंडी | आयुर्वेद, सोवा रिग्पा, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | किश्तवाड़ | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | कुपवाड़ा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | बिलावर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | कुलगाम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | सांबा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | गढ़ी गढ़ (जम्मू) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | बंदीपायीं (बारामुला) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| 14 | झारखंड | रांची | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | गुमला | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| | | बोकारो | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| | | देवघर | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| | | पलामू | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| | | दुमका | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| | | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| 15 | कर्नाटक | गदग | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | मंगलौर (दक्षिण कन्नड़) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | त्रिथाहल्ली (शिवमोगा) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| 16 | केरल | चालाकुडी (त्रिशूर) | आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | मट्टनूर (कन्नूर) | आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | अडूर (पथनमथिट्टा) | होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अट्टापडी (पलक्कड़) | आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | कोट्टारकरा (कोल्लम) | आयुर्वेद, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 30 |
| | | वायनाड | आयुर्वेद और योग | 30 |
| | | इडुक्की | होम्योपैथी और योग | 30 |
| | | अरनमुला (पथनमथिट्टा) | आयुर्वेद और योग | 30 |
| | | वर्कला (तिरुवनंतपुरम) | योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 30 |
| | | कप्पुकड़ (तिरुवनंतपुरम) | आयुर्वेद, सिद्ध और योग | 50 |
| 17 | लक्षद्वीप | कावारत्ती (लक्षद्वीप) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 |
| 18 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 |
| | | सिंधुदुर्ग | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 |
| | | पुणे | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 |
| | | अहमदनगर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 |
| | | धाराशिव (उस्मानाबाद) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | जलगांव | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 |
| | | जालना | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | थाणे | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | नागपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| 19 | मणिपुर | मोरेह (टेंग्नौपाल) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | चुराचाँदपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | क्वाकेथेल कोनजेंग लेइकाई (इम्फाल पश्चिमी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | केइराओ एसी (इम्फाल पूर्वी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | चंदेल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | जिरीबाम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | कांगपोकपी | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | बिश्नुपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | नोनी | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | थौबल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| | | सेनापति | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | भोपाल | आयुर्वेद और योग | 50 |
| | | इंदौर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | नरसिंहपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | अमरकंटक (अनुपपुर) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी | 50 |
| | | मंडलेश्वर (खरगोन) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | बालाघाट | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 |
| | | सीहोर | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 |
| | | गुना | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 |
| | | पन्ना | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 |
| | | भिंड | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 |
| | | बड़वानी | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 30 |
| 21 | मेघालय | सोहरा (चेरापुंजी) (पूर्वी खासी हिल्स) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | उमट्रे (री भोई) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | जोवाई (पश्चिमी जयंतिया हिल्स) | होम्योपैथी, योग और आयुर्वेद | 30 |
| 22 | मिजोरम | आइजोल | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सैतुल | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 |
| 23 | नागालैंड | नोक्लाक, तुएनसांग (नोकलाक) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 30 |
| | | रज़ा, चेडेमा (कोहिमा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | सपांग्या (चुंगटिया) (मोकोक्चुंग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | याचेम (लोंगलेंग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 30 |
| | | किफायर (किफायर) | होम्योपैथी | 30 |
| | | तिजित (मोन) | आयुर्वेद, होम्योपैथी | 30 |
| | | अकुहाईतो (ज़ुन्हेबोटो) | आयुर्वेद, होम्योपैथी | 30 |
| 24 | ओडिशा | ढेंकनाल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | बहरामपुर (गंजम) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | बालासोर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 25 | पुडुचेरी | विलियानूर (पुडुचेरी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और सिद्ध | 50 |
| | | यनम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और सिद्ध | 50 |
| 26 | पंजाब | डुनकी (मोगा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | दयालपुर सोढिया जीरकपुर (एसएएस नगर) (पुराना नाम मोहाली) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 27 | राजस्थान | भीलवाड़ा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, | 50 |
| | | अजमेर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | चुरू | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | बीकानेर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | जयपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | सीकर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 |
| | | सवाई माधोपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | भरतपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 28 | सिक्किम | क्योंगसा, पश्चिम सिक्किम (ग्यालसिंह) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | एनआईटी, देवराली (गंगटोक) | सोवा- रिग्पा | 30 |
| 29 | तमिलनाडु | थेनी | सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | तिरुवन्नामलाई | सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | पुदुक्कोट्टई | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | नमक्कल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | चेन्नई | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| 30 | तेलंगाना | सिद्दीपेट | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | विकाराबाद | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | जयशंकर भूपालपल्ली | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | त्रिपुरा | पैराडाइज़ चौमुहानी, अगरतला (पश्चिमी त्रिपुरा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 |
| | | दक्षिण सबरूम (दक्षिण त्रिपुरा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | जौनपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 30 |
| | | बुलंदशहर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | बिल्हौर (कानपुर नगर) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | पश्चिम कल्ली (लखनऊ) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | बदरासी (वाराणसी) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | नवाब गंज (बरेली) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | बस्ती | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | सिराथू कौशाम्बी | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | सोनभद्र | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | उरई (जालौन) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | संत कबीर नगर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | सहारनपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | देवरिया | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | ललितपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | अमेठी | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | कानपुर देहात | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | फिरोजपुर (बलिया) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | रायबरेली | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | बागपत | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | फतेहपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | श्रावस्ती | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | उन्नाव | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | हरदोई | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | गोरखपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | संभल | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | मिर्जापुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| 33 | उत्तराखंड | हल्द्वानी (नैनीताल) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | जखणीधार (टिहरी गढ़वाल) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | टनकपुर (चंपावत) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 |
| | | पथरी (हरिद्वार) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 10 |
| | | कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | भीमताल (नैनीताल) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 10 |
| | | पिरन कलियार (हरिद्वार) | यूनानी चिकित्सा | 50 |
| 34 | पश्चिमी बंगाल | तपसीखाता (अलीपुरद्वार) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |
| | | अबास खास जंगल (पश्चिम मेदिनीपुर) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 |